भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 3183

जिसका उत्तर 16.12.2021 को दिया जाना है

राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं

3183. श्री फ़िरोज़ वरूण गांधी:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2015 से 2021 तक शुरू की गई उन नई राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) परियोजनाओं की संख्या कितनी है, जिनकी लंबाई 100 किलोमीटर से कम है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान 100 किलोमीटर से अधिक की उन राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की संख्या कितनी है जिन्हें 100 किलोमीटर से कम के छोटे हिस्सों में विभाजित किया गया है;

(ग) क्या 900 किलोमीटर लंबी चार धाम परियोजना को 53 भागों में विभाजित किया गया है और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि सड़क परियोजनाओं के विभाजन द्वारा पर्यावरणीय प्रभाव आकलन को दरकिनार करने से क्षेत्र की पारिस्थितिकी नष्ट हो जाती है और यह देश में स्थापित न्यायिक सिद्धांतों के विरूद्ध है; और

(ड.) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) वर्ष 2015 से 2021 तक लगभग 2000 नई राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) परियोजनाएं शुरू की गई है, जिनकी लंबाई 100 किलोमीटर से कम है।

(ख) शून्य।

(ग) चारधाम के अंतर्गत 825 किमी 53 पैकेजों में कार्यान्वित किया जा रहा है। प्रत्येक पैकेज निश्चित शुरूआती और अंतिम बिंदुओं जो राजमार्ग पर महत्वपूर्ण स्थान है, वाली एक स्वतंत्र परियोजना है।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

(ड.) प्रश्न नहीं उठता।

*****